**SET-2**

**Series BVM/3**

कोड नं.
**Code No. 59/3/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । इस प्रश्न-पत्र में कुल **27** प्रश्न हैं । प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है ।

(ii) खण्ड अ में प्रश्न संख्या **1 – 5** तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iii) खण्ड ब में प्रश्न संख्या **6 – 10** तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) खण्ड स में प्रश्न संख्या **11 – 16** तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) खण्ड द में प्रश्न संख्या **17 – 21** तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) खण्ड द में प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

(vii) खण्ड य में प्रश्न संख्या **22 – 27** तक प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

downloaded from StudentSuvidha.com

**General Instructions :**

(i) ***All*** *questions are compulsory. This questions paper has* ***27*** *questions in all. There are* ***five*** *sections in this question paper.*

(ii) *Section A contains Questions number* ***1 – 5*** *of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

(iii) *Section B contains Questions number* ***6 – 10*** *of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

(iv) *Section C contains Questions number* ***11 – 16*** *of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

(v) *Section D contains Questions number* ***17 – 21*** *of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

(vi) *In Section D, Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answer in your answer-book.*

(vii) *Section E contains Questions number* ***22 – 27*** *of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

## खण्ड अ

## SECTION A

**1.** सोवियत संघ के विघटन के बाद, किस देश को इसके स्थान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता प्राप्त हुई ? *1*

**अथवा**

परंपरागत सुरक्षा के किन्हीं दो तत्त्वों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}\times2=1$

After disintegration of the USSR, which country got the permanent membership of the UN Security Council in its place ?

**OR**

Mention any two components of traditional security.

**2.** 'वर्चस्व' के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ? *1*

(a) वर्चस्व का अर्थ है, कुछ देशों का सहयोग तथा गठबंधन ।

(b) वर्चस्व का अर्थ है, सैन्य, आर्थिक और राजनीतिक शक्ति के कारण किसी देश की प्रभुता ।

(c) वर्चस्व विकसित देशों की एक स्थायी विशेषता है ।

(d) वर्चस्व अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, जैसे संयुक्त राष्ट्र, की सदैव अवहेलना करता है ।

Which one of the following statements about 'hegemony' is correct ?

(a) Hegemony means cooperation and alliance of some states.

(b) Hegemony means dominance of a state due to military, economic and political power.

(c) Hegemony is a permanent feature of the developed countries.

(d) Hegemony always neglects international organisations like the UN.

StudentSuvidha.com downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**3.** पश्चिमी गठबंधन तथा पूर्वी गठबंधन क्रमशः किस-किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते थे ? *$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$*

**अथवा**

द्वि-ध्रुवीयता के अंत से क्या अभिप्राय है ? *1*

Which ideologies were represented by the Western alliance and the Eastern alliance respectively ?

**OR**

What does the end of bipolarity mean ?

**4.** समाजवादी पार्टी की उस विचारधारा की पहचान कीजिए जो उसे काँग्रेस तथा साम्यवादी (कम्युनिस्ट) दोनों से भिन्न बनाती थी । *1*

Identify the ideology of the Socialist Party which distinguished it both from the Congress as well as the Communists.

**5.** 'जनमत संग्रह' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । *1*

Explain the term 'Plebiscite'.

downloaded from StudentSuvidha.com

## खण्ड ब
## SECTION B

**6.** राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्तों में से ऐसे किन्हीं दो सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए जिनका लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है । *1×2=2*

**अथवा**

प्रधान मन्त्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा नव स्वतंत्र देशों के साथ सम्पर्क बनाने के लिए, किए गए किन्हीं दो प्रयासों का वर्णन कीजिए । *1×2=2*

Describe any two Directive Principles of State Policy that aim to promote international peace and security.

**OR**

Describe any two efforts made by the Prime Minister, Jawaharlal Nehru to establish contacts between India and other newly independent countries.


Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**7.** 1990 में मंडल कमीशन की सिफ़ारिशों को लागू करने के किन्हीं दो प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । *1×2=2*

**अथवा**

राजीव गाँधी – लोंगोवाल समझौता अपने वांछित उद्देश्य में कहाँ तक सफल हुआ ? *2*

Analyse any two effects of the implementation of the recommendations of the Mandal Commission in 1990.

**OR**

How far did the Rajiv Gandhi – Longowal Accord succeed in its desired goal ?

**8.** आँध्र प्रदेश में ताड़ी-विरोधी आंदोलन किस प्रकार महिला आंदोलन का एक हिस्सा बन गया ? *2*

How did the Anti-Arrack Movement become a part of women's movement in Andhra Pradesh ?

**9.** स्तम्भ 'A' तथा स्तम्भ 'B' में दिए गए तथ्यों का अर्थपूर्ण मिलान कीजिए : $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

| | *स्तंभ 'A'* | | *स्तंभ 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | एक गाँधीवादी नेता | (i) | 25 जून, 1975 |
| (b) | शाह आयोग की नियुक्ति | (ii) | चारु मजूमदार |
| (c) | आपातकाल की घोषणा | (iii) | मोरारजी देसाई |
| (d) | एक साम्यवादी क्रान्तिकारी | (iv) | जनता दल की सरकार |

Match the facts given in Column 'A' with those in Column 'B' in a meaningful manner :

| | *Column 'A'* | | *Column 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | A Gandhian leader | (i) | 25 June, 1975 |
| (b) | Appointment of Shah Commission | (ii) | Charu Majumdar |
| (c) | Declaration of Emergency | (iii) | Morarji Desai |
| (d) | A Communist Revolutionary | (iv) | Janata Party Government |



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**10.** एक अन्य विश्व युद्ध के ख़तरे को टालने के लिए दोनों महाशक्तियों को बाध्य करने वाला एक प्रमुख कारण उजागर कीजिए । *2*

**अथवा**

शॉक थेरेपी के कारण क्रमबद्ध रूप से नष्ट होने वाली समाज कल्याण की प्राचीन व्यवस्था की किन्हीं दो विशेषताओं को उजागर कीजिए । *1×2=2*

Highlight any one major reason that compelled both the superpowers to avoid the risk of another world war.

**OR**

Highlight any two features of the old system of social welfare that got destroyed due to shock therapy.

**खण्ड स**

**SECTION C**

**11.** 1975 में लागू किए गए आपातकाल के दौरान की गई किन्हीं चार प्रकार की ज़्यादतियों का वर्णन कीजिए । *1×4=4*

**अथवा**

1967 में भारत में हुए चतुर्थ आम चुनावों के किन्हीं चार परिणामों का उल्लेख कीजिए । *1×4=4*

Describe any four types of excesses made during the Emergency imposed in 1975.

**OR**

Mention any four outcomes of the fourth general elections held in India in 1967.

**12.** "विश्व बैंक की गतिविधियाँ प्रमुख रूप से विकासशील देशों पर केन्द्रित हैं ।" विश्व बैंक की ऐसी किन्हीं चार गतिविधियों के नाम लिखकर, जो वास्तव मे विकासशील देशों के लिए सहायक हैं, इस कथन की पुष्टि कीजिए । *1×4=4*

"Activities of the World Bank are focused on the developing countries." Justify the statement by naming any four activities of the World Bank which really help the developing countries.

**13.** वैश्वीकरण के किन्हीं चार सांस्कृतिक प्रभावों को उजागर कीजिए । *1×4=4*

Highlight any four cultural effects of globalisation.

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**14.** ढाँचागत ताकत के अर्थ में अमरीकी वर्चस्व को चार उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए । *1×4=4*

**अथवा**

आसियान की कोई चार विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । *1×4=4*

Explain the U.S. hegemony as a structural power with the help of four examples.

**OR**

Explain any four features of ASEAN.

**15.** स्वतंत्रता के पश्चात्, विश्व के दो सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों, भारत और चीन के बीच संबंधों को अधिक सकारात्मक तथा मज़बूत बनाने हेतु उनके द्वारा किए गए प्रयासों का वर्णन कीजिए । *4*

Describe the efforts made by India and China to establish a more positive and sound relationship between the two most populous countries of the world after independence.

**16.** प्रथम पंचवर्षीय योजना और द्वितीय पंचवर्षीय योजना के बीच कोई दो प्रमुख अंतर स्पष्ट कीजिए । *2+2=4*

**अथवा**

1948 में हैदराबाद के भारत में विलय के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain any two major differences between the First Five Year Plan and the Second Five Year Plan.

**OR**

Explain the circumstances that led to the accession of Hyderabad to India in 1948.

## खण्ड द

## SECTION D

**17.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत की सुरक्षा रणनीति देश की आंतरिक सुरक्षा समस्याओं से निपटने की तैयारी में जुटी थी । अनेक अलगाववादी समूहों ने समय-समय पर भारत से अलग होने की कोशिश की । भारत ने राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए लोकतान्त्रिक राजनीतिक व्यवस्था को अपनाया और पालन किया ।

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(i) किन दो क्षेत्रों के अलगाववादियों ने भारत से अलग होने की कोशिश की ?

(ii) आपके विचार में, अलगाववादी समूहों की, भारत से अलग होने की माँग किस सीमा तक उचित है ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था किन दो तरीकों से भारत की विविधता में एकता को बनाए रखने में सहायता करती है ? *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The Indian security strategy is geared towards meeting security challenges within the country. Several militant groups, from time to time, have sought to break away from India. India has tried to preserve national unity by adopting a democratic political system.

(i) The militants of which two areas have sought to break away from India ?

(ii) In your opinion, how far is the demand of the militant groups to break away from India justified ? Explain.

(iii) In which two ways does the democratic political system help to bring unity in diversity in India ?

**18.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

इसका एक परिणाम शीत युद्ध की समाप्ति के रूप में हुआ । समाजवादी प्रणाली पूँजीवादी प्रणाली को पछाड़ पाएगी या नहीं — यह विचारधारात्मक विवाद अब कोई मुद्दा नहीं रहा । शीत युद्ध के इस विवाद ने दोनों गुटों को उलझाया था, हथियारों की तेज़ होड़ शुरू की थी, परमाणु हथियारों के संचय को बढ़ावा दिया था ........, शीत युद्ध के समाप्त होने से हथियारों की होड़ भी समाप्त हो गई और एक नई शांति की सम्भावना का जन्म हुआ ।

(i) शीत युद्ध के दौरान एक-दूसरे से उलझे दो सैन्य गठबंधनों के नाम लिखिए ।

(ii) हथियारों की होड़ ने किस कारण से शांति की माँग उत्पन्न की ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) परमाणु हथियारों के संचय को वैश्विक पर्यावरण के लिए एक महान् ख़तरा क्यों समझा जाता है ? *1+2+2=5*

**अथवा**



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

गुट-निरपेक्षता का अर्थ तटस्थता का धर्म निभाना भी नहीं है । तटस्थता का अर्थ होता है मुख्यत: युद्ध में शामिल न होने की नीति का पालन करना । तटस्थता की नीति का पालन करने वाले देश के लिए यह ज़रूरी नहीं कि वह युद्ध को समाप्त करने में मदद करे । ऐसे देश युद्ध में संलग्न नहीं होते और न ही युद्ध के सही-ग़लत होने के बारे में उनका कोई पक्ष होता है । दरअसल कई कारणों से गुट-निरपेक्ष देश, जिसमें भारत भी शामिल है, युद्ध में शामिल हुए हैं ।

(i) गुट-निरपेक्षता को परिभाषित कीजिए ।

(ii) गुट-निरपेक्षता तथा तटस्थता में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(iii) गुट-निरपेक्ष देश होने के बावजूद, कुछ देश युद्ध में शामिल क्यों हुए ? कोई एक कारण दीजिए । *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

It meant the end of Cold War confrontations. The ideological dispute over whether the socialist system would beat the capitalist system was not an issue any more. Since this dispute had engaged the military of the two blocs, had triggered a massive arms race and accumulation of nuclear weapons ........, the end of confrontation demanded an end to this arms race and a possible new peace.

(i) Name the two alliances that were in confrontation during the Cold War.

(ii) Why did the arms race lead to a demand for peace ? Explain.

(iii) Why was accumulation of nuclear weapons considered as a great danger to the global environment ?

**OR**

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Non-alignment is also not neutrality. Neutrality refers principally to a policy of staying out of war. States practising neutrality are not required to help end a war. They do not get involved in wars and do not take any position on the appropriateness or morality of a war. Non-aligned states, including India, were actually involved in wars for various reasons.

(i) Define Non-alignment.


(ii) Differentiate between non-alignment and neutrality.

(iii) Inspite of being non-aligned states, why were some states involved in war ? Give any one reason.



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**19.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :





(i) 'सार्क' (एस.ए.ए.आर.सी) का विस्तृत रूप लिखिए।

(ii) कार्टून में कुर्सियों की स्थिति से, भारत और पाकिस्तान के संदर्भ में क्या संदेश मिलता है ?

(iii) सदस्य देशों के बीच सम्बन्धों को सुधारने में, सार्क की सफलता का आकलन कीजिए। *1+2+2=5*

Study the cartoon given below carefully and answer the following questions :




downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(i) Write the full form of SAARC.

(ii) What message is being given by the placement of seats in the cartoon with respect to India and Pakistan ?

(iii) Assess the success of SAARC in improving the relations among its member states.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 19 :*

(19.1) 'सार्क' का विस्तृत रूप लिखिए ।

(19.2) 1991 से भारत तथा चीन के बीच सम्बन्धों का आकलन कीजिए ।

(19.3) "भारत के बड़े आकार और शक्ति के कारण, इसके पड़ोसी देशों का इसकी नीयत पर शक करना लाज़िमी है ।" कोई एक उपयुक्त तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए । *1+2+2=5*

(19.1) Write the full form of SAARC.

(19.2) Assess the relations between India and China after 1991.

(19.3) "Given the size and power of India, its neighbours are bound to be suspicious of India's intentions." Justify the statement with a suitable argument.

**20.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आज़ादी और बँटवारे के बाद स्थितियाँ बदलीं । हमारे नेताओं को चिंता हुई कि अगर भाषा के आधार पर प्रांत बनाए गए तो इससे अव्यवस्था फैल सकती है तथा देश के टूटने का ख़तरा पैदा हो सकता है । यह भी लगा कि इससे देश के सामने आने वाली अन्य सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से ध्यान भटक सकता है । अत: केन्द्रीय नेतृत्व ने इस मसले को स्थगित करने का फैसला लिया । ......

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(i) स्वतंत्रता तथा विभाजन के कारण भारत में हुए किसी एक मुख्य परिवर्तन को उजागर कीजिए ।

(ii) अवतरण में उल्लिखित कारणों के अतिरिक्त, प्रांतों के बनाए जाने के स्थगन के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो अन्य कारणों का उल्लेख कीजिए ।

(iii) इस स्थगन को कहाँ के कुछ स्थानीय लोगों ने चुनौती दी और क्यों ? कोई एक उदाहरण दीजिए । *2+2+1=5*

**अथवा**

नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

देश के अधिकांश हिस्सों में मतदान जनवरी 1952 में ही हुए । चुनाव अभियान, मतदान और मतगणना में कुल छह महीने लगे । चुनावों में उम्मीदवारों के बीच मुक़ाबला भी हुआ — औसतन हर सीट के लिए चार उम्मीदवार चुनाव के मैदान में थे । लोगों ने इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की — कुल मतदाताओं में आधे से अधिक ने मतदान के दिन अपना वोट डाला । जब चुनावों के परिणाम घोषित हुए, तो हारने वाले उम्मीदवारों ने भी इन परिणामों को निष्पक्ष बताया । सार्वभौम वयस्क मताधिकार के इस प्रयोग ने आलोचकों का मुँह बंद कर दिया ।

(i) सार्वभौम वयस्क मताधिकार से क्या अभिप्राय है ?

(ii) 1952 के आम चुनावों में लगभग छह महीने लगने के कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए ।

(iii) भारत में 1952 में हुए चुनावों से यह कैसे सिद्ध हो जाता है कि दुनिया में कहीं भी लोकतंत्र पर अमल किया जा सकता है ? *1+2+2=5*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Things changed after independence and partition. Our leaders felt that carving out states on the basis of language might lead to disruption and disintegration. It was also felt that this would draw attention away from other social and economic challenges that the country faced. Therefore, the central leadership decided to postpone matters.......

(i) Highlight any one major change that took place in India due to independence and partition.

(ii) Mention two more reasons other than the ones mentioned in the passage, which were responsible for the postponement of carving out states.

(iii) Why was this postponement challenged by some local people and where ? Give any one example.

**OR**

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

Most parts of the country voted in January 1952. It took six months for the campaigning, polling and counting to be completed. Elections were competitive — there were on an average more than four candidates for each seat. The level of participation was encouraging — more than half the eligible voters turned out to vote on the day of elections. When the results were declared, these were accepted as fair even by the losers. This experiment of Universal Adult Franchise proved the critics wrong.

(i) What is meant by Universal Adult Franchise ?

(ii) Explain any two reasons due to which it took about six months to complete the first general elections in 1952.

(iii) How did the elections held in 1952 in India prove that democracy could be practised anywhere in the world ?

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**21.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 16 पर), में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | सम्बन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) वह राज्य जहाँ दलित पैंथर्स नामक संगठन का गठन 1972 में हुआ ।

(ii) वह राज्य जहाँ सरदार सरोवर बाँध स्थित है ।

(iii) वह राज्य जहाँ से भारतीय किसान यूनियन ने किसानों का आंदोलन शुरू किया था ।

(iv) वह राज्य जिसे अनुच्छेद 370 के अंतर्गत विशेष दर्जा दिया गया था ।

(v) वह संघ शासित प्रदेश जो 1987 में एक राज्य बना । *1×5=5*

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

In the given political outline map of **India** (on page 16), five States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify them on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book with the respective serial number of the information used and the concerned alphabet as per the following format :

| Sr. no. of the information used | Concerned Alphabet | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State, where the organisation called Dalit Panthers was formed in 1972.

(ii) The State where Sardar Sarovar Dam is situated.

(iii) The State from where BKU started the farmers' agitation.

(iv) The State which was given a special status under Article 370.

(v) The Union Territory which became a State in 1987.

downloaded from StudentSuvidha.com




Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

प्रश्न सं. 21 के लिए

For question no. 21

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

## Outline Map of India (Political)




downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 21 :*

(21.1) सरदार सरोवर बाँध किस राज्य में स्थित है ?

(21.2) उस राज्य का नाम लिखिए जिसे 1961 में पुर्तगाल के नियंत्रण से मुक्त कराया गया था ।

(21.3) मीज़ो नेशनल फ्रंट का संस्थापक नेता कौन था ?

(21.4) किस राज्य को अनुच्छेद 370 के अंतर्गत विशेष दर्जा दिया गया है ?

(21.5) कौन-सा राज्य ताड़ी-विरोधी आंदोलन के लिए जाना जाता है ? *1×5=5*

(21.1) In which State is Sardar Sarovar Dam situated ?

(21.2) Name the State which was liberated from Portuguese control in 1961.

(21.3) Who was the founder leader of the Mizo National Front ?

(21.4) Which State has been given the special status under Article 370 ?

(21.5) Which State is known for its Anti-Arrack Movement ?

downloaded from StudentSuvidha.com

## खण्ड य
## SECTION E

**22.** राजनीति विज्ञान के विद्यार्थी के रूप में, आप 1975 में लगाए गए आपातकाल से कौन-से तीन सबक सीखते हैं ? *2×3=6*

**अथवा**

कोई ऐसे तीन उपाय सुझाइए जो 1969 में काँग्रेस पार्टी को विभाजन से बचा सकते थे । *2×3=6*

As a student of political science, which three lessons do you learn from the Emergency imposed in 1975 ?

**OR**

Suggest any three steps that could have helped the Congress Party to avert a split in 1969.



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**23.** भारत और नेपाल के बीच सहयोग तथा असहमति के किन्हीं दो-दो क्षेत्रों का वर्णन कीजिए । $1\frac{1}{2}\times4=6$

**अथवा**

शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से भारत – चीन संबंधों में महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं । ऐसे किन्हीं चार बदलावों का वर्णन कीजिए । $1\frac{1}{2}\times4=6$

Describe any two areas of cooperation and disagreement each between India and Nepal.

**OR**

Since the end of the Cold War, there have been significant changes in India – China relations. Describe any four such changes.

**24.** "भारत के पहले तीनों आम चुनावों में, काँग्रेस पार्टी के प्रभुत्व का भारतीय राजनीति की लोकतांत्रिक प्रकृति पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा ।" इस कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए । $2\times3=6$

**अथवा**

"भारत द्वारा लागू किए गए मिश्रित अर्थव्यवस्था के मॉडल की आलोचना वामपंथियों तथा दक्षिण पंथियों दोनों के द्वारा खुलकर की गई ।" इस कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए । $2\times3=6$

"Dominance of the Congress Party in the first three general elections in India, had no negative effect on the democratic nature of Indian politics." Give any three arguments to support the statement.

**OR**

"The model of mixed economy adopted by India was criticised openly from the left and the right." Give any three arguments to support the statement.

**25.** कड़े मुकाबले तथा बहुत से संघर्षों के बावजूद, भारत के अधिकतर राजनीतिक दलों के बीच उभरती हुई सहमति की किन्हीं तीन बातों का वर्णन कीजिए । $2\times3=6$

**अथवा**

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में क्षेत्रीय आकांक्षाओं, सत्ता की साझेदारी तथा क्षेत्रीय संतुलन के महत्त्व का वर्णन कीजिए । $3\times2=6$



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

Describe any three elements of consensus that appear to have emerged among most political parties in India in the midst of severe competition and many conflicts.

**OR**

Describe the importance of regional aspirations, power sharing and the regional balance in democratic politics of India.

**26.** महाशक्तियों द्वारा छोटे देशों के साथ सम्बन्ध बनाए रखने के लिए आकर्षित करने वाले किन्हीं चार कारणों का विश्लेषण कीजिए । $1\frac{1}{2} \times 4 = 6$

**अथवा**

सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारणों का विश्लेषण कीजिए । $1\frac{1}{2} \times 4 = 6$

Analyse any four reasons that tempted the super powers to have relations with smaller states.

**OR**

Analyse any four reasons responsible for the disintegration of the USSR.

**27.** आर्थिक वैश्वीकरण से क्या अभिप्राय है ? इसके किन्हीं चार लाभों की व्याख्या कीजिए । $2+4=6$

**अथवा**

'साझी, परन्तु अलग-अलग ज़िम्मेदारियाँ' — उदाहरण देकर इसका अर्थ स्पष्ट कीजिए । चीन, भारत तथा अन्य विकासशील देशों को क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से क्यों अलग रखा गया है ? $3+3=6$

What is meant by economic globalisation ? Explain any four advantages of economic globalisation.

**OR**

Explain the meaning of 'Common but differentiated responsibilities' with the help of examples. Why were China, India and other developing countries exempted from the requirements of the Kyoto Protocol ?

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com